**भारत सरकार**
**रेल मंत्रालय**

**लोक सभा**
**09.08.2023 के**
**अतारांकित प्रश्न सं. 3336 का उत्तर**

**रेल लाइनों की बहाली**

**3336. श्री एस. रामलिंगम:**

**क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः**

**(क) क्या सरकार का मइलादुथुरई से थरंगमबाड़ी जो पर्यटक आकर्षण और पुरातात्विक महत्व का स्थल है, के बीच रेल लाइन को बहाल करने का कोई प्रस्ताव है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है, यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;**

**(ख) क्या इस रेल लाइन के पुनरुद्धार/निर्माण के संबंध में कोई सर्वेक्षण कराया गया है और निधियां आबंटित की गई हैं यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;**

**(ग) क्या सरकार का आमान परिवर्तन के कारण 30 वर्ष पहले परित्यक्त रेल लाइन को बहाल करने का प्रस्ताव है;**

**(घ) यदि हां, तो पेरलम की ओर से मइलादुथुरई में सभी प्लेटफार्मों के साथ लाइन को जोड़ने की वर्तमान स्थिति क्या है;**

**(ङ) क्या त्रिची मंडल में परम्परागत डेमू डिब्बों वाली परिचालित मौजूदा कम दूरी की रेलगाड़ियों के स्थान पर एमईएमयू प्रकार की रेलगाड़ियां चलाई जाएंगी यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और**

**(च) क्या सरकार का मइलादुथुरई जंक्शन में प्रवेश किए बिना पेरलम लाइन को कुंभकोणम लाइन से जोड़ने के लिए बाईपास लाइन स्थापित करने का कोई प्रस्ताव है, यदि हां, तो इसकी वर्तमान स्थिति क्या है, यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?**

**उत्तर**

**रेल, संचार एवं इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री**
**(श्री अश्विनी वैष्णव)**

**(क) से (च) : विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।**

***********

रेल लाइनों की बहाली के संबंध में दिनांक 09.08.2023 को लोक सभा में श्री एस. रामलिंगम के अतारांकित प्रश्न सं. 3336 के भाग (क) से (च) के उत्तर से संबंधित विवरण।

(क) से (च): थरांगंबडी के रास्ते मईलादुतुरै और कारैक्काल के बीच नई लाइन के लिए सर्वेक्षण 2006-07 में पूरा किया गया था। बहरहाल, पुड्डुचेरी सरकार के अनुरोध पर, पेरालम और कारैक्काल (23 किमी) के बीच की लाइन को 373.42 करोड़ की लागत पर प्राथमिकता और स्वीकृति दी गई थी। कारैक्काल और पेरालम के बीच नई लाइन कार्य का निष्पादन शुरू किया गया है।

लागत, व्यय और परिव्यय सहित सभी रेल सर्वेक्षणों का क्षेत्रीय रेल-वार विवरण भारतीय रेल की वेबसाइट अर्थात www.indianrailways.gov.in > Ministry of Railways > Railway Board > About Indian Railways > Railway Board Directorates > Finance (Budget)> Budget Document (Financial Year)/ Railway wise breakup of the Detailed Demands for Grants Financial Year (Part II) Demand No.85 पर सार्वजनिक रूप से उपलब्ध है।

मईलादुतुरै पर प्लैटफार्म 1 और 2 पहले से ही पेरालम की ओर की लाइन से जुड़ा है और प्लैटफार्म 3 को जोड़ने का कार्य शुरू कर दिया गया है। प्लैटफार्म 4 और 5 थंजावौर की ओर की लाइन से जुड़ा है।

दक्षिण रेलवे के त्रिची मंडल सहित भारतीय रेल पर परिचालनिक व्यवहार्यता और संसाधनों की उपलब्धता के अध्यधीन डेमू डिब्बों को मेमू डिब्बों से बदलना सतत प्रक्रिया है।

भारतीय रेल पर रेल परियोजनाओं की स्वीकृति सतत और गतिशील प्रक्रिया है। रेल अवसंरचना परियोजनाएं लाभप्रदता, अंतिम छोर तक संपर्कता, मिसिंग लिंक एवं वैकल्पिक मार्गों, भीड़भाड़/संतृप्त लाइनों के संवर्धन, सामाजिक-आर्थिक दृष्टिकोण आदि के आधार पर चालू परियोजनाओं की दायिताओं, निधियों की समग्र उपलब्धता और प्रतिस्पर्धी मांगों की ध्यान में रखते हुए शुरू की जाती हैं। मईलादुतुरै जंक्शन पर प्रवेश किए बिना कुंबकोणम लाइन से पेरालम लाइन को बाईपास लाइन द्वारा जोड़ने के लिए फिलहाल ऐसा कोई प्रस्ताव नहीं है।

******